सलोनी ऑयल्स के सॉल्वेंट प्लांट के बॉयलर में धमाका, 1 झुलसा

परिजन ने लगाए प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप, गंभीर हालत में दिल्ली रैफर

नवभारत न्यूज
मुरैना, 13 मई । सलोनी ऑयल्स के जड़ेरूआ औद्योगिक क्षेत्र स्थित सॉल्वेंट प्लांट में मंगलवार की दोपहर अचानक बॉयलर में धमाका हो गया। जिसकी वजह से बॉयलर पर काम कर रहा

जड़ेरूआ औद्योगिक क्षेत्र में हादसा

इलेक्ट्रिशियन बुरी तरह झुलस गया। जिसे ग्वालियर ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत में दिल्ली रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार सलोनी ऑयल्स का नूराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत जड़ेरूआ औद्योगिक क्षेत्र में महेश एडिबल ऑयल्स के नाम से सॉल्वेंट प्लांट है। 12 मई की दोपहर प्लांट में चल रहे इलेक्ट्रिक बॉयलर पर इलेक्ट्रिशियन जितेन्द्र सविता 36 पुत्र रामनिवास सविता निवासी छौंदा मुरैना कैप्रिसिटर बदलने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक कैप्रिसिटर में धमाका हुआ, जिससे जितेन्द्र का चेहरा और हाथ बुरी तरह झुलस गए। धमाके में झुलसे जितेन्द्र को तत्काल मुरैना शहर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। तब तक सूचना पाकर उसके परिजन भी वहां पहुंच गए थे। परिजन ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही और इलाज में कोताही बरतने के आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। जिसके बाद झुलसे हुए जितेन्द्र को ग्वालियर ले जाकर अपोलो हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि जितेन्द्र की गंभीर हालत के चलते उसे ग्वालियर से दिल्ली रैफर किया गया है।

इनका कहना है...

महेश एडिबल ऑयल्स के बॉयलर में कैप्रिसिटर लगाते समय धमाका होने से इलेक्ट्रिशियन जितेन्द्र का चेहरा और हाथ झुलस गए थे।

– सौरभ पुरी (उप निरीक्षक)
प्रभारी थाना प्रभारी, नूराबाद

मुंह में कपड़ा ठूंसकर मामा ने भांजी के साथ किया दुष्कर्म

नवभारत न्यूज
मुरैना, 13 मई । स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत विसंगपुर गांव में 14 साल की एक नाबालिग पीड़िता के साथ दूर के रिश्ते के मामा ने बलात्कार कर डाला। घटना 9 मई की रात को होना बताई गई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के विसंगपुर गांव में हुई घटना

जानकारी के अनुसार ग्वालियर निवासी 14 वर्षीय पीड़िता अपने माता-पिता के साथ विसंगपुर गांव में रहने वाले अपने मामा के घर शादी समारोह में शामिल होने आई थी। 5 मई को शादी समारोह का आयोजन था। शादी के बाद पीड़िता अपने मामा के घर रुक गई थी, जबकि उसके माता-पिता ग्वालियर चले गए थे। बताया जा रहा है। 9 मई की रात को जब पीड़िता मामा के घर में सो रही थी, तभी रिश्ते में मामा लगने वाला राजेश कुशवाह उसके पास पहुंचा और मोबाइल चार्जर देने की बात कही। इसी दौरान राजेश पीड़िता को अपने साथ ले गया। जिसके बाद राजेश ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती करना शुरू कर दी। पुलिस को दिए गए बयानों में पीड़िता ने बताया है कि उसके द्वारा आरोपी के सामने कई बार रिश्ते की दुहाई दी गई, जब उसने चिल्लाने की कोशिश की तो राजेश ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। जिसके बाद आरोपी राजेश ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म कर डाला। घटना के बाद 10 मई को पीड़िता अपने परिजन के पास ग्वालियर पहुंचीं और घटनाक्रम की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन पीड़िता को लेकर स्टेशन रोड थाना पहुंचें और पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस ने दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

राजस्थान से नाव में हो रही थी रेत की तस्करी, जेसीबी से तोड़ी

नवभारत न्यूज
मुरैना, 13 मई । चंबल नदी से रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर मुरैना जिले में अंकुश लगा तो माफिया के लोगों ने नदी के दूसरी पार राजस्थान प्रांत की सीमा से उत्खनन कर नावों के जरिए मप्र में

चिन्नौनी के होराबरा, गुनापुरा एवं सबलगढ़ के हबुआपुरा घाटों पर कार्रवाई

रेत की तस्करी करना शुरू कर दिया। बुधवार को ऐसा ही नजारा चिन्नौनी थाना क्षेत्र के होराबरा एवं गुनापुरा घाटों पर देखने को मिला। मौके पर पहुंचीं टास्क फोर्स को देखकर माफिया के लोग नाव को लेकर राजस्थान की ओर भाग निकले। टास्क फोर्स ने राजस्थान पुलिस-फॉरेस्ट की मदद से पीछा कर पकड़ लिया, जिसे बाद में

जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। संयुक्त कार्रवाई के दौरान करीब चंबल नदी के गुनापुरा और होराबरा घाटों पर डंप की गई करीब 350 ट्रॉली (700 घनमीटर) रेत को जेसीबी मशीन से मिट्टी में मिलाकर नष्ट कर दिया गया।

कार्रवाई के दौरान पुलिस और वन विभाग की टीम ने उन कच्चे रास्तों को भी चिन्हित किया, जिनका उपयोग अवैध रेत परिवहन में किया जा रहा था। इन रास्तों पर जेसीबी मशीन से गहरे गड्ढे खुदवाकर रास्तों को बंद करवा दिया गया। जिससे माफिया दोबारा रेत का परिवहन न करने पाए। कार्रवाई में एसडीओपी कैलारस उमेश कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी सबलगढ़ राजकुमारी परमार, थाना प्रभारी चिन्नौनी ऋषिकेश शर्मा सहित पुलिस और वन विभाग की टीम मौजूद रही।

हत्या के प्रयास के मामले में वांछित कल्ला गुर्जर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
मुरैना, 13 मई । शहर की संजय कॉलोनी में 8 मई को फायरिंग कर युवक पर कातिलाना हमला किए

3 हजार का घोषित था ईनाम, 8 मई को संजय कॉलोनी में हुई थी घटना

जाने के मामले में नामजद कल्ला उर्फ कालीचरन गुर्जर पुत्र श्रीकृष्ण गुर्जर निवासी गड़ौरा को कोतवाली

पुलिस ने 13 मई को संजय कॉलोनी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 3 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। जानकारी के अनुसार घटना में शामिल एक अन्य आरोपी समुंदर गुर्जर को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। फरार चल रहे आरोपियों के ऊपर तीन-तीन हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। आरोपी कल्ला गुर्जर को पकड़ने वाली टीम में निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया, एसआई अरुण सिंह, प्र.आर. अनिल दोहरे, शिवप्रताप सिंह, आरक्षक सत्यम शर्मा, कुलदीप, अशोक गुर्जर, अर्जुन जाट, सूरज शामिल थे।

कोचिंग पढ़ने आए सिरमिती के छात्र पर चाकू से हमला, गंभीर

नवभारत न्यूज
मुरैना, 13 मई । सिरमिती गांव से कोचिंग पढ़ने आए एक छात्र पर उसके साथी छात्र ने चाकू से हमला कर दिया। हमलावर ने छात्र के सीने पर चाकू से प्रहार किया, जिससे वो लहूलुहान हो गया। उसे गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार सिरमिती गांव मे रहने वाला गौरव श्रीवास 19 पुत्र रामसेवक श्रीवास प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। बुधवार को गौरव श्रीवास गांव से अपने साथी करन छारी के साथ कोचिंग पढ़ने के लिए मुरैना

एक अन्य छात्र पर आरोप, शहर की मिल एरिया रोड पर हुई घटना

आया हुआ था। गौरव और करन मुरैना शहर की मिल एरिया रोड पर संचालित सक्सैस मंत्र कोचिंग पर पढ़ने पहुंचें थे। यहां पर दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान करन छारी ने गौरव के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। गौरव के सीने में चाकू लगने से गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा। वहां मौजूद लोगों ने गौरव को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे ग्वालियर रैफर कर दिया। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

एक नजर में

युवक की मारपीट-फायरिंग, नहीं दर्ज हुई एफआईआर

मुरैना, 13 मई। शहर के बिस्मिल नगर में मुंशी का बाग निवासी पंकज गुर्जर ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उसके भाई सूरज गुर्जर के साथ महेंद्र कुशवाह एवं अन्य 8 से 10 लोगों ने बिना वजह मारपीट की। घटना 11 मई को सुबह करीब 11 बजे की बताई गई है, जिसमें युवक को गंभीर चोटें आई हैं। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि उसी दिन दोपहर करीब 12 बजे आरोपियों द्वारा अवैध हथियारों से हवाई फायरिंग की, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि मामले की शिकायत सिविल लाइन थाना और पुलिस हेल्पलाइन पर कई बार की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आवेदनकर्ता ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

बारिश से पहले शुरू हुआ अधूरा पड़ा नाला निर्माण कार्य

मुरैना/कैलारस, 13 मई। नगर परिषद कैलारस द्वारा लंबे समय से अधूरा पड़ा पहाड़गढ़ रोड का नाला निर्माण कार्य एक बार फिर शुरू कर दिया गया है। एमएस रोड स्थित परशुराम चौराहा से नहर तक दोनों ओर पक्का एवं कवर्ड नाला बनाया जाएगा। स्थानीय लोगों के अनुसार हर बारिश में सड़क पर जलभराव और घरों में पानी घुसने की समस्या बनी रहती थी। लगातार शिकायतों के बाद अब निर्माण दोबारा शुरू होने से लोगों में राहत की उम्मीद जगी है। बताया जा रहा है कि निर्माण स्थल के कुछ हिस्सों में अतिक्रमण बना हुआ है, जिसे प्रशासन जल्द हटाएगा। नागरिकों का कहना है कि यदि बरसात से पहले कार्य पूरा हो गया तो जलभराव की समस्या को लेकर क्षेत्र में रहने वाले लोगों को राहत मिल सकती है।

आज कांग्रेस करेगी नगर निगम दफ्तर का घेराव, प्रदर्शन

मुरैना। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र जाटव के नेतृत्व में नगर निगम मुरैना में व्याप्त भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और जनसमस्याओं को लेकर आज 14 मई को सुबह 10 बजे महादेव नाका स्टेशन रोड से नगर निगम कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए विशाल प्रदर्शन और नगर निगम दफ्तर का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि शहर की सड़कें जर्जर हैं, नालियां बंद पड़ी हैं और करोड़ों रुपए का सीवर प्रोजेक्ट पूरी तरह विफल हो चुका है। वहीं चंबल वाटर प्रोजेक्ट में भी निर्माण मानकों और टेंडर नियमों की अनदेखी की जा रही है। शहर में दूषित पेयजल सप्लाई, बंद स्ट्रीट लाइटें, खराब हैंडपंप और सफाई व्यवस्था की बदहाली से जनता परेशान है। घेराव एवं प्रदर्शन के बाद कांग्रेस की ओर से महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी को ज्ञापन दिया जाएगा।

ग्रामीण महिलाओं को शिक्षा-स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक

मुरैना। निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर में एप्लाइड साइंस विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शोभा कुलश्रेष्ठ द्वारा बुधवार को चंबल संभाग के ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, उचित खानपान और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया। डॉ. कुलश्रेष्ठ ने केंद्र एवं राज्य सरकार की छात्रवृत्ति, नि:शुल्क शिक्षा और अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को इनका लाभ लेने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं ने इस पहल की सराहना की।

अनुशासन व आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी : धर्मराज

नवभारत न्यूज
मुरैना, 13 मई। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर

पुलिस लाईन में बच्चों के लिए समर कैंप शुरू, मानसिक विकास पर रहेगा फोकस

पुलिस परिवारों के 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए पुलिस लाइन मुरैना स्थित टेनिस कोर्ट में समर कैंप-2026 का

शुभारंभ 13 मई को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी मुरैना धर्मराज मीणा ने किया।

शिविर में ब्रेन एक्टिवेशन, माइंड डेवलपमेंट एक्सरसाइज, आत्मविश्वास निर्माण और एकाग्रता बढ़ाने संबंधी गतिविधियां कराई जाएंगी। शिविर का शुभारंभ करते हुए एसपी धर्मराज मीणा ने कहा कि वर्तमान में प्रतिस्पर्धा के दौर में मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वासी होना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ कमलेश भार्गव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्रपाल सिंह डाबर, संभागीय खेल अधिकारी प्रशांत कुशवाह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आरोह-2026 के तहत 45 दिन तक चलेगा यह शिविर : पुलिस लाईन परिसर में 13 मई से शुरू हुए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आरोह-2026 के तहत किया जा रहा है। शिविर के दौरान 10 दिवसीय ब्राइटर माइंड अल्फा ट्रेनिंग प्रोग्राम-2026 भी संचालित किया जाएगा।

बागचीनी-हड़बांसी में विद्युत समस्या समाधान शिविर आज

मुरैना, 13 मई । मप्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सम्पर्क अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

अभियान के तहत वितरण केंद्र बागचीनी में 14 मई को हड़वांसी माध्यमिक विद्यालय, 16 मई को नाहरदोंकी पंचायत भवन, 23 मई को वीरमपुरा प्राथमिक विद्यालय और 25 मई को उम्मेदगढ़ बांसी पंचायत भवन में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा जींगनी वितरण केंद्र अंतर्गत गंजरामपुर पंचायत भवन तथा बानमौर क्षेत्र के सुमावली, मसूदपुर और जयनगर में भी 14 मई को शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में गलत बिलिंग, बिल संशोधन, मीटर रीडिंग, स्मार्ट मीटर, घरेलू और कृषि कनेक्शन सहित बिजली संबंधी शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाएगा।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मर्ग कायम

नवभारत न्यूज
मुरैना, 13 मई । जौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुंद्रावजा गांव में रहने वाली एक विवाहिता की संदिग्ध

जौरा के मुंद्रावजा गांव का मामला, अस्पताल में हुई मौत

परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मुंद्रावजा

निवासी विवाहिता रूपाली कुशवाह पत्नी बृजेश कुशवाह बुधवार को जब अपने घर में थी, तभी अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल मुरैना लेकर पहुंचें, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतिका रूपाली का पति बृजेश कुशवाह गुजरात के सूरत शहर में मजदूरी का काम करता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए डैड हाऊस में रखवाकर पति बृजेश को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

गंभीर सिंह बने कांग्रेस के जिला सचिव

मुरैना/कैलारस, 13 मई। जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना ग्रामीण के अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने संगठन विस्तार के तहत गंभीर सिंह सिकरवार कोल्हेरा को जिला कार्यकारिणी में जिला सचिव का दायित्व सौंपा है। उनकी नियुक्ति पर पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार, जयवीर सिंह सिकरवार सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने विगत दिवस श्री सिकरवार के निवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। अपनी नियुक्ति पर गंभीर सिंह सिकरवार ने कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

ईंटभट्टा मजदूर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

नवभारत न्यूज
मुरैना, 13 मई । सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गापुरी

कोतवाली क्षेत्र के दुर्गापुरी इलाके में मंगलवार की रात हुई घटना

कॉलोनी में रहने वाले एक ईंटभट्टा मजदूर ने मंगलवार की रात को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

जानकारी के अनुसार दुर्गापुरी

कॉलोनी में कपूरा के भट्टा के पास रहने वाला मोहन प्रजापति 40 पुत्र रामसिंह प्रजापति ईंटभट्टा पर मजदूरी किया करता था। परिवार में उसके दो पुत्र और एक पुत्री है। मंगलवार की रात को मोहन प्रजापति अपने घर में था, देर रात को उसने कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। बुधवार की सुबह परिजन ने जब उसे फंदे पर झूलते हुए देखा तो घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

आरोह-2026 शिविर में तराशी जाएगीं युवा प्रतिभाएं

नवभारत न्यूज
मुरैना, 13 मई । कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण

खेल, फिटनेस, आत्मरक्षा और सायबर जागरुकता पर रहेगा विशेष फोकस

शिविर आरोह-2026 की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर ने कहा कि शिविर का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना विकसित करना, शारीरिक-मानसिक क्षमता बढ़ाना और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करना है। शिविर में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना, नशामुक्ति, सायबर सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां भी कराई जाएंगी। उन्होंने बालिकाओं और महिलाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण के विशेष सत्र आयोजित करने तथा विद्यार्थियों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही खेल गतिविधियों के दौरान पेयजल, ओआरएस, मेडिकल किट और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखने पर जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी प्रशांत कुशवाह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

आम सूचना

श्रीमती गीता पत्नी श्री कप्तान सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित नहर रोड, ग्राम हिंगौनाखुर्द, प.ह.नं.25, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.403 / 1 ग्राम हिंगौनाखुर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूमि मुन्नी देवी, पश्चिम में-भूमि मुन्नी देवी, उत्तर में-सरकारी नरूआ एवं दक्षिण में-रास्ता (नहर रोड) है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती किशुनियाबाई पुत्री श्री हुकमसिंह पत्नी श्री शिवचरण द्वारा श्रीमती मुन्नी पत्नी श्री सुब्बाराम, श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री अनार सिंह, श्रीमती राजाबेटी पत्नी श्री औतार सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792024 ए11098419 दिनांक 04.09.2024 से विक्रय की गई। श्रीमती मुन्नी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती गीता पत्नी श्री कप्तान सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792025ए1087184 दिनांक 07.02.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती गीता द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710